हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 5 जून 2026

तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

12 बच्चों ने स्विमिंग पूल में तैराकी का अभ्यास किया


12 साधारण परिवार की बेटी शशि बनी असिस्टेंट...


## खबर संक्षेप

### कष्ट निवारण समिति की बैठक 12 जून को होगी

**जींद।** डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि जिला परिवेदना कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक जो पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पांच जून को आयोजित होनी थी अब प्रशासनिक अपरिहार्य कारणों के चलते 12 जून को आयोजित की जाएगी। बैठक का आयोजन डीआरडीए सभागार में सायं तीन बजे होगा। उन्होंने बताया कि बैठक की अध्यक्षता जिला कष्ट निवारण समिति के चेयरमैन एवं हरियाणा सरकार के खेल, युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम करेंगे।

### अवैध हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ सफीदों ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ सफीदों के ईचांर्ज उप निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि टीम गश्त व अपराध जांच के दौरान नजदीक पालवां बस अड्डा उचाना से नरवाना रोड पर मौजूद थे। इसी दौरान सूचना मिली कि शिवानीया स्कूल उचाना के सामने एक युवक अवैध असलहा लिए हुए है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक युवक पुलिस पार्टी को देखकर तेजी से चलने लगा था।

### दस ग्राम हेरोइन सहित एक नशा तस्कर पकड़ा

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना की टीम ने नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करते हुए चमेला कॉलोनी नरवाना से एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए नशा तस्कर से 10 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। पुलिस आरोपित से नशा नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ नरवाना प्रभारी सुखदेव सिंह ने गुरूवार को जानकारी देते हुए बताया कि नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए सीआईए नरवाना की एक टीम सहायक उपनिरीक्षक अवतार सिंह के नेतृत्व में मेला मंडी गेट नरवाना पर मौजूद थी।

### जिला कार्यालय में 8 को लगेगा रोजगार मेला

**कैथल।** जिला रोजगार अधिकारी ममता ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय कैथल के सौजन्य से जिले के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 8 जून को सुबह 10 बजे बालाजी कॉलोनी स्थित जिला रोजगार कार्यालय परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में पुखराज हेल्थकेयर करनाल, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, एलआईसी जीवन बीमा सहित विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी और योग्य युवाओं का चयन करेंगी।

### रिलेशनशिप में रहने के बाद महिला से मारपीट

**कैथल।** कलायत में एक महिला ने 15 साल तक रिलेशनशिप में रहने के बाद लिव इन पार्टनर पर मारपीट का आरोप लगाया है। मामले में कलायत थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर पार्टनर के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि 5 मई को आरोपी सतीश निवासी कोलेखा ने उसे फोन कर कैथल बुलाया था। आरोप है कि जवाहर लाल पार्क में बुलाकर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की, गला दबाया और धक्का दे दिया, जिससे उसे काफी चोटें आईं।

### घर से निकली युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**कैथल।** शहर की एक कॉलोनी से दुकान जाने की बात कहकर घर से निकली युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। सिटी थाना पुलिस ने युवती की पिता की शिकायत पर गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में युवती ने पिता ने बातया कि उसकी 22 साल की बेटी 2 जून की सुबह घर से दुकान जाने की बात कहकर निकली थी। इसके बाद नहीं लौटी और फोन भी बंद आ रहा है।

# गांव खानपुर का राजकीय विद्यालय 10वीं कक्षा तक अपग्रेड करने का ऐलान

## शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा की सीवनवासियों को सौगातः कौशल विश्वविद्यालय का क्षेत्रीय केंद्र भी बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने वीरवार को नगर पालिका अध्यक्ष हेमलता सैनी के निवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए क्षेत्र के विकास और शिक्षा के सुदृढ़ीकरण को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने नगर में कौशल विश्वविद्यालय का क्षेत्रीय केंद्र स्थापित करने तथा गांव खानपुर के राजकीय विद्यालय को 10वीं कक्षा तक अपग्रेड करने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष हेमलता सैनी ने शिक्षा मंत्री को एक मांग-पत्र सौंपते हुए बताया कि सीवन क्षेत्र शिक्षा, व्यापार, स्वास्थ्य, परिवहन एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का प्रमुख केंद्र है। आसपास के लगभग 50 गांवों के लोग विभिन्न आवश्यकताओं के लिए सीवन पर निर्भर हैं। इतनी बड़ी आबादी होने के बावजूद क्षेत्र में कौशल आधारित उच्च शिक्षा, तकनीकी प्रशिक्षण एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के लिए कोई समुचित सरकारी संस्थान उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विद्यार्थियों को 12वीं कक्षा के बाद कौशल विकास, डिप्लोमा, प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रमों तथा रोजगारपरक शिक्षा प्राप्त करने के लिए कैथल, कुरुक्षेत्र अथवा अन्य दूरस्थ स्थानों का रुख करना पड़ता है। इससे विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक एवं समय संबंधी बोझ पड़ता है। यदि सीवन में कौशल विश्वविद्यालय का क्षेत्रीय केंद्र स्थापित किया जाता है तो हजारों युवाओं को अपने क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त हो सकेगी। मांग-पत्र पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने मौके पर ही सीवन में कौशल विश्वविद्यालय का क्षेत्रीय केंद्र स्थापित करने की घोषणा की। साथ ही गांव खानपुर के सरकारी विद्यालय को 10वीं कक्षा तक अपग्रेड करने का भी ऐलान किया, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकेंगी।


सीवन। शिक्षा मंत्री का स्वागत करते समाजसेवी। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य शिक्षा को रोजगार से जोड़ना है ताकि युवाओं को आधुनिक तकनीकी ज्ञान और कौशल प्रशिक्षण प्राप्त हो सके। उन्होंने विश्वास दिलाया कि क्षेत्र के विकास और शिक्षा संबंधी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्षा ज्योति सैनी, समाजसेवी संदीप सैनी, गुलाब सैनी, सैनी समाज के जिला अध्यक्ष पृथ्वी सैनी, पार्षद जितेंद्र शर्मा, सोनू सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## गोली लगने से घायल बदमाश को नागरिक अस्पताल में करवाया भर्ती

# गांव ईक्कस के निकट एवीटी स्टाफ ने मुठभेड़ के बाद दो बदमाश दबोचे

सफीदों ढाबा में तोड़ फोड़, मारपीट करने तथा मालिक से दस हजार हफ्ता मांगने का आरोप

### बुलेट प्रूफ जैकेट ने सब इंस्पेक्टर यशबीर को बाल-बाल बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव ईक्कस के निकट वीरवार को सुबह पुलिस के एवीटी स्टाफ ने मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को काबू किया है। गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। पकड़े गए बदमाश सफीदों में ढाबा संचालक से मारपीट, तोड़ फोड़ करने तथा धमकी देकर हफ्ता वसूली के मामले मे वांछित थे। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से एक पिस्तौल तथा दो कारतूस तथा गाड़ी को बरामद किया है। घायल बदमाश को नागरिक अस्पताल में भरती करवाया गया है। पुलिस के एवीटी स्टाफ को सूचना मिली थी कि सफीदों में गत 25 मई को ढाबे में घुस कर तोड़ फोड़ तथा मालिक के साथ मारपीट करने और दस हजार रुपये हफ्ता मांगने के मामले में वांछित बदमाश बरवाला की तरफ से कार में ईक्कस बाईपास से सफीदों जाएंगें। सूचना के आधार पर एवीटी स्टाफ ने गांव ईक्कस के निकट बाईपास रजबाहा पुल पर नाकाबंदी कर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ समय के बाद एक गाड़ी बरवाला की तरफ से आई। एवीटी स्टाफ के इंचार्ज यशबीर ने गाड़ी को रूकने का इशार किया। गाड़ी सवारों ने रजबाहे की पटरी से गाड़ी को घुमाने की कोशिश की तो उनकी गाड़ी पत्थर के साइन बोर्ड से जा टकराई। जिसके बाद गाड़ी से दो युवक उतर कर भागने लगे। पुलिसकर्मियों ने युवकों सरेंडर करने के लिए कहा तो एक युवक ने अपने पास मौजूद असलहा से फायर कर दिया। गोली बुलेट प्रूफ जैकेट पहने सब इंस्पेक्टर यशबीर को जा लगी। जिसमें वे बाल-बाल बच गए।


जींद। पुलिस गिरफ्त में गोवर्धन। फोटो :हरिभूमि



जींद। पत्रकारों को जानकारी देते डीएसपी रिषभ।

### बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज

सदर थाना पुलिस ने एवीटी स्टाफ इंचार्ज यशबीर की शिकायत पर दोनों बदमाश तपन तथा गोवर्धन के खिलाफ जानलेवा हमला करने, शस्त्र अधिनियम, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डीएसपी रिषभ सोढी ने बताया कि दोनों बदमाश ढाबा मालिक से मारपीट, तोडफ़ोड़ करने और हफ्ता वसूली की धमकी देने वांछित थे। मुठभेड़ के बाद दोनों को काबू किया गया है। गोली लगने से एक बदमाश घायल हुआ है। आरोपितों के कब्जे से कार, अवैध असलहा बरामद हुआ है। आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

### दो जिंदा कारतूस बरामद

जबाब में पुलिस ने भी गोलियां चलाई। एक गोली फायर करने वाले बदमाश के पांव में जा लगी और वहीं गिर गया। जिसे तुरंत काबू कर लिया गया। दूसरे बदमाश को भी पुलिसकर्मियों ने पीछा कर पकड़ लिया। घायल बदमाश की पहचान गांव कुरड़ निवासी तपन के रूप में हुई और उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। दूसरे बदमाश की पहचान गांव ऐंचरा खुर्द निवासी गोवर्धन के रूप में हुई। मुठभेड़ की सूचना पाकर अतिरिक्त पुलिसबल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने घायल बदमाश तथा उसके साथी का हिरासत में ले नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया है।


जुलाना। पौली गांव में सर्च अभियान चलाते टीम। फोटो :हरिभूमि

# गांव पौली में तालाब में डूबा ढाई वर्षीय मासूम

### चौबीस घंटे बाद भी नहीं मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना क्षेत्र के पौली गांव में एक अढाई वर्षीय मासूम के डूबने की आशंका के बाद प्रशासन और परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और बच्चे की तलाश शुरू की गई ले कि न समाचार लिखे जाने तक उसका कोई सुराग नहीं लग पाया था। जानकारी के अनुसार पौली गांव निवासी ढाई वर्षीय कार्तिक बुधवार शाम अपने घर के पास स्थित तालाब के निकट खेल रहा था। कुछ समय बाद वह अचानक लापता हो गया। परिजनों ने आसपास के क्षेत्र में उसकी तलाश की लेकिन जब उसका कोई



#### अब तालाब करेंगे खाली

पता नहीं चला तो ग्रामीणों ने आशंका जताई कि बच्चा तालाब में गिर गया है। घटना की सूचना तुरंत जुलाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से बच्चे की खोज शुरू कर दी। देर रात तक तालाब और उसके आसपास के क्षेत्र में तलाश अभियान चलाया गया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।इसके बाद पुलिस ने गोताखोरों की टीम को मौके पर बुलाया। गुरुवार अल सुबह से ही गोताखोर तालाब में बच्चे की तलाश में जुटे हुए हैं। बड़ी संख्या में ग्रामीण भी तालाब के आसपास एकत्रित हैं। 24 घंटे बीत जाने के बाद भी मासूम का कोई सुराग नही लग पाया है। अब ग्रामीण और प्रशासन तालाब के पानी को निकालेंगे।

# सीनियर इन्वेस्टिगेटर ऑफिसर के कहने पर महिला ने मांगी थी रिश्वत

- एचडीएफसी बैंक से रिश्वत लेते काबू किए मामले में आया नया मोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एंटी क्रप्शन ब्यूरो द्वारा बुधवार को कलायत से 60 हजार की रिश्वत लेते काबू की एचडीएफसी बैंक की इन्वेस्टिगेटर ऑफिसर मुकेश से पूछताछ के दौरान नया खुलासा हुआ है। उसने कबूल किया कि उसने रिश्वत सीनियर इन्वेस्टिगेटर ऑफिसर भीषम के कहने पर ली थी। उसका इसमें केवल 20 प्रतिशत हिस्सा था। उसे वीरवार को अदालत में पेश कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आरोपी भीषम फरार है। एसीबी की टीम आरोपी के ठिकानों पर उसे ढूंढने का प्रयास कर रही है। जांच में सामने आया है कि आरोपी भीषम ने खुद पैसे न लेकर महिला इन्वेस्टिगेटर ऑफिसर को पैसे लेने के लिए कहा था। ऐसे में आरोपी ने पैसे लेकर युवक को महिला के पास भेज दिया। जैसे ही महिला ने युवक से पैसे लिए तो टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

### मामले की जांच जारी

रमन ने आरोप लगाया था कि उसके पिता ने बैंक से एक लोन लिया था, लेकिन बाद में उसके पिता की मौत हो गई थी। ऐसे में उसका लोन माफ हो जाना था और लोन पर बीमा क्लेम भी मिलना था, लोन की एनओसी दिलाने और बीमा क्लेम के लिए उसने महिला कर्मचारी से संपर्क किया। आरोपी महिला अधिकारी ने 10 % कमीशन की मांग की थी। इस आधार पर एसीबी की टीम ने जाल बिछाया और युवक को पैसे देने के लिए बैंक में भेजा जैसे ही कर्मचारी पैसे लेने लगी, तो टीम ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। इंस्पेक्टर सूबे सिंह ने बताया कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

### जमीन कब्जाने का प्रयास, मामला दर्ज

**कैथल।** राजौंद थाना पुलिस ने जमीनी विवाद को लेकर जबरन कब्जे की कोशिश के आरोप में 30 से अधिक लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि उनकी पैतृक एवं कब्जाधारी जमीन पर दबंगई के बल पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है तथा विरोध करने पर जान से मारने और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकियां दी जा रही हैं। पुलिस को दी शिकायत में बिरथे बाहरी के देवत राम और जयपाल सिंह ने बताया कि उन्होंने पहले भी आरोपियों के खिलाफ शिकायत दी थी, जिसके बाद पुलिस ने हस्तक्षेप कर उन्हें जमीन में दखल न देने की चेतावनी दी थी। इसके बावजूद आरोपी पक्ष कथित रूप से अन्य लोगों के साथ पहुंचकर कब्जे की कोशिश करता रहा।

# जमीन की सौदेबाजी कर बीस लाख हड़पे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जमीन की सौदेबाजी कर बीस लाख रुपये हड़पने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रमेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने मूलतः खरैंटी हाल धागा मिल कालोनी निवासी प्रियंका से सात कनाल जमीन का सौदा 81 लाख रुपये में किया था। जिसमें बीस लाख देकर एग्रीमेंट कर लिया गया। उसने यह सौदा प्रोपर्टी डीलर जगमहेंद्र के माध्यम से किया था। एग्रीमेंट के अनुसार बकाया राशि रजिस्ट्री के दौरान देनी थी। जिसकी तारिख भी निधारित कर दी गई थी। जिसमें राशि न देने पर ब्याना जब्त होने तथा विक्रेता द्वारा आनाकानी करने की सूरत में ब्याना दोगुणा देना होगा। सब कुछ तय होने के बाद नौ सितंबर को रजिस्ट्ररी की तारिख तय कर दी गई। जिसके बाद टैक्नीकल दिक्कत बताई गई। आरोपित कोई न कोई बहाना बना कर समय टालते रहे। लंबे समय तक रजिस्ट्री न होने पर उन्होंने राशि वापस मांगी तो आरोपितों ने राशि देने से मना कर दिया।

### ममेरा भाई बन लगाया ₹2.40 लाख का चूना

**जींद।** अमेरिका मे रह रहा ममेरा भाई बन खाते में रुपये भेजने, रसीद भेज एक व्यकित को साइबर ठगों ने दो लाख 40 हजार रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव खापड़ निवासी मनजीत ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसका ममेरा भाई गांव घसोखुर्द निवासी विजय अमेरिका में रह रहा है। गत 15 मई को उसकी आईडी पर विजय की आईडी से मैसेज आया। जिसने परिवार का हाल जाना और रुपये डालने के लिए खाता नंबर ले लिया। जिसके बाद उसके उसने छह लाख 15 हजार रुपये खाते डलवाने की रसीद भेज दी। जिसके बाद उसके पास बैंक कर्मी का फोन आया था।

## जींद में सात , नरवाना में दो और अलेवा में एक एमएम बरसात,तापमान में दो डिग्री की आई गिरावट

# बारिश ने मौसम किया खुशगवार, उमस ने बढ़ाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों को वीरवार दोपहर हुई बारिश ने कुछ राहत दी। हालांकि बारिश के बाद फिर से धूप निकल आई और उमस बन गई। जिसने लोगों को परेशान किया। बारिश होने से तापमान में दो डिग्री की गिरावट आई। जिससे अधिकतम तापमान 40 से 38 डिग्री पर गया। जबकि हवा की गति पांच किलोमीटर व मौसम में आद्रता 27 प्रतिशत रही। जींद में सात एमएम, नरवाना में दो एमएम, अलेवा में एक एमएम बारिश दर्ज की गई। वीरवार सुबह का आगाज सूर्य की तेज धूप के साथ और दोपहर तक तापमान भी लगातार बढ़ता गया। हालांकि दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली और आसमान में घने बादल छा गए। इसके कुछ ही देर बाद तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश शुरू होते ही लोगों ने राहत की सांस ली। बाजारों, सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर मौजूद लोग बारिश का आनंद लेते नजर आए। कई दिनों से लगातार पड़ रही गर्मी के कारण लोग घरों में रहने को मजबूर थे लेकिन बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया। बारिश के कारण तापमान में भी कई डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। जिससे वातावरण में ठंडक घुल गई। दोपहर बाद करीब आधे घंटे तक हुई अच्छी बारिश से सड़कों पर पानी भर गया। बारिश के बाद चलने वाली ठंडी हवाओं ने मौसम को और भी खुशनुमा बना दिया। शाम के समय पार्कों में लोगों की चहल.पहल बढ़ गई। पांडू पिंडारा मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में यह बदलाव देखने को मिला है।


जींद। दोपहर के समय होती बारिश। फोटो :हरिभूमि

### किसानों को राहत मिलेगी

कृषि उपनिदेशक डा. गिरीश नागपाल ने बताया कि इस बारिश से किसानों को भी राहत मिलेगी। खेतों में नमी बढने से धान, ज्वार और बाजरे की फसलों की तैयारी में मदद मिलेगी। वहीं पशुपालकों और आम लोगों को भी भीषण गर्मी से कुछ समय के लिए राहत मिली है।

# कार सवारों ने मिस्त्री का अपहरण कर बेरहमी से पीटा, नाखून उखाड़े

- बातचीत के बहाने बैठाया गाड़ी में बेसूध हालात में फेंक गए दूसरे गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव रसीदां के वैल्डिंग मिस्त्री का कार सवार लोगों ने अपहरण कर बेरहमी से पिटाई की और उंगलियों के नाखून उखाड़ लिए। बाद में आरोपित घायल को उसकी बुआ के घर फैंक कर फरार हो गए। गढ़ी थाना पलिस ने घायल की शिकायत पर नौ लोगों के खिलाफ अपहरण करने, बंधक बना कर मारपीट करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव रसीदां निवासी मनदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वैल्डिंग का मिस्त्री है। गत दिवस वह धमतान साहिब बस अड्डे के सामने खड़ा हुआ था। उसी दौरान एक कार आई। जिसमें गांव का राहुल तथा अन्य लोग सवार थे। उन्होंने बातचीत के बहाने उसे कार में बैठा लिया। जिसके बाद आरोपित उसे पीपलथा रोड पर ले गए। जहां पर उसकी बेरहमी से पिटाई की। फिर उसे नरवाना के जगरूप मिस्त्री की दुकान पर ले आए। जहां पर भी उसके साथ मारपीट की गई। आरोपितों ने उसको बांध कर बेरहमी से पीटा। फिर उसे टोल के पास माइनर पर ले जाया गया।

खबर संक्षेप

## भाजपा की संगठनात्मक मीटिंग कसूहन में आज

**उचाना।** 5 जून को भाजपा की संगठनात्मक बैठक चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल कसूहन में होगी। विधायक निजी सचिव अशोक शर्मा, कसूहन मंडल अध्यक्ष संजय चहल ने बताया कि बैठक में एसआईआर अभियान, संगठन की आगामी गतिविधियों, बूथ सशक्तिकरण एवं पार्टी के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री का मार्गदर्शन में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया जा रहा है। मीटिंग शाम को 5 बजे होगी।

## आर्य गुरुकुल में बच्चे सीख रहे योग के गुर

**जींद।** आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा एवं वेद प्रचार विभाग गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित आर्य वीर दल योग व्यायाम प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सात जून तक आयोजित होगा। इसमें युवा वर्ग को योग, व्यायाम, वैदिक संस्कार, अनुशासन तथा चरित्र निर्माण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उद्घाटन समारोह में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी रामभगत शर्मा ने कहा कि योग एवं वैदिक संस्कृति भारतीय जीवन पद्धति की अमूल्य धरोहर हैं। युवाओं को इनसे जोड़कर एक स्वस्थ, संस्कारवान एवं राष्ट्र निष्ठ समाज का निर्माण किया जा सकता है।

## सोमवती अमावस्या पर बन रहा अत्यंत दुर्लभ संयोग

**उचाना।** प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर पुजारी सत्यनारायण शांडिल्य ने कहा कि 15 जून को है अमावस्या सोमवार के दिन है। सोमवती अमावस्या का अत्यंत दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस दिन स्नान-दान और पितरों के तर्पण का फल हजार गुना अधिक मिलेगा।अमावस्या तिथि की शुरुआत 14 जून दोपहर 12:19 मिनट पर होगी एवं समापन 15 जून सोमवार के दिन सुबह 8:23 मिनट को होगा। यदि संभव हो तो सुबह किसी पवित्र नदी गंगा, यमुना में स्नान करें। अगर ऐसा संभव न हो, घर पर ही नहाने के पानी में थोड़ा सा गंगाजल मिलाकर स्नान करें। स्नान के बाद हाथ में काले तिल -जल लेकर अपने पितरों का स्मरण करते तर्पण करें।

## परीक्षण उपरांत बीज नमूना अवमानक पाया

**जींद।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. गिरीश नागपाल ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा बीज गुणवत्ता नियंत्रण अभियान के अंतर्गत गत 24 अप्रैल को लोहान सेल्स कॉर्पोरेशनए दुकान नंबर 74, नई अनाज मंडी जींद से ज्वार, सूडान घास किस्म एफएस 21 का बीज नमूना लिया गया था। यहबीज का उत्पादन फेम सीड्स (इंडिया), 15 किलोमीटर स्टोन, बागला रोड वीपीओ सलेमगढ़ हिसार द्वारा किया गया था। नमूने को परीक्षण को राजकीय बीज परीक्षण प्रयोगशाला उचानी भेजा था। जहां परीक्षण उपरांत बीज नमूना अवमानक पाया गया।

## मुस्कान को किया नकद पुरस्कार से सम्मानित

**जींद।** राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि डिफेंस कॉलोनी की छात्रा मुस्कान को चार जून को रेवाड़ी में हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में हरियाणा के सरकारी सीबीएसई स्कूलों में 12वीं कक्षा में हरियाणा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 11 हजार रुपये पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संघ के पूर्व जिला प्रधान दलबीर सिंह आल्याहन ने बताया कि यह मुस्कान बचपन से ही बहुत मेहनती और होनहार बेटी रही है।

## पद्म पुरस्कार के नामांकन के लिए आवेदन आमंत्रित

**जींद।** डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2027 पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन सिफारिशों के लिए 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। इन पुरस्कारों के लिए नामांकन, सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवार्ड पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी। पुरस्कारों की घोषणा गणतंत्र दिवस 2027 के अवसर पर की जाएगी। इन पुरस्कारों में पद्म विभूषणए पद्म भूषण व पद्मश्री पुरस्कार शामिल हैं।

### उपायुक्त ने समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनीं

# पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता: डीसी

### बिजली शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए विशेष कैंप लगाने के निर्देश

मुख्यमंत्री स्वयं समाधान शिविरों की नियमित मॉनिटरिंग कर रहे


जींद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते डीसी डा. वैशाली। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसी सोच के अनुरूप जिला प्रशासन कार्य कर रहा है ताकि आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से मिल सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं समाधान शिविरों की नियमित मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इसलिए सभी अधिकारी समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों का गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ निपटारा सुनिश्चित करें तथा उनकी एटीआर समय पर अपलोड करें। डीसी डा. वैशाली शर्मा वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुन रही थी। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी मंच बन चुके हैं। इन शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। समाधान शिविर में सर्वाधिक शिकायतें बिजली विभाग से संबंधित प्राप्त हुईं। शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए डीसी ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विशेष कैंप आयोजित कर लंबित मामलों का शीघ्र समाधान करें तथा बिजली सेवाओं से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों को निर्बाध एवं सुरक्षित बिजली आपूर्ति उपलब्ध करवाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर एडीसी प्रदीप कुमार, एसडीएम सत्यवान मान, डीएमसी अनिल दून, सीटीएम मोनिका, डीआरओ राजकुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**यह मिली शिकायतें**

गांव बरसाना निवासी अजय ने अपने खेत में ट्यूबवेल कनेक्शन लगाने में आ रही समस्या से अवगत कराया। जिस पर डीसी ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। गांव खांडा के एक शिकायतकर्ता ने निजी विद्यालय द्वारा उसके पुत्र को एसएलसी जारी न किए जाने की शिकायत रखी। जिस पर संबंधित अधिकारियों को जांच कर उचित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। गांव बदौड़ी निवासी बलजीत ने अपनी दिव्यांग पेंशन पुनः शुरू करवाने की मांग रखी। इस पर डीसी ने निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए। वहीं गांव कालवा निवासी उमेद ने खेत में बिजली कनेक्शन से जुड़ी समस्या रखी तथा गांव लखमीरवाला निवासी अनिल ने खेत में ढीली बिजली तारों और बिजली मीटर राशि के रिफंड संबंधी शिकायत प्रस्तुत की। डीसी ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में बिजली व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। जहां भी बिजली की तारें ढीली हैंए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जाए ताकि आमजन को सुरक्षित और निर्बाध बिजली सुविधा मिल सके।

## शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

**जींद।** एसडीएम होशियार सिंह ने वीरवार को अपने कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की शिकायतों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर सरकार की जनकल्याणकारी पहल हैए जिसका उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाए तथा उसकी एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) निर्धारित समय सीमा में पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ेंए इसके लिए सभी अधिकारी जवाबदेही के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली, पेयजल, स्वच्छता तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।


जींद। कार्यशाला में सांझी बनाते हुए। फोटो :हरिभूमि

# सांझी कला सांस्कृतिक विरासत की अमूल्य धरोहर: कृष्ण कुमार

- तीन दिवसीय सांझी कार्यशाला का उद्देश्य युवा पीढ़ी को लोक संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी कृष्ण कुमार ने कहा कि सांझी कला हरियाणा की समृद्ध लोक संस्कृतिए सामाजिक मूल्यों और ग्रामीण जीवन की जीवंत अभिव्यक्ति है। यह कला हमारी सांस्कृतिक पहचान को सहेजने तथा आने वाली पीढियों तक हमारी परंपराओं को पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। सांझी जैसी लोक कलाओं का संरक्षण समय की आवश्यकता है ताकि युवा वर्ग अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ा रहे और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को आत्मसात कर सके। वे वीरवार को धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल पांडु पिंडारा स्थित पांचाल धर्मशाला में आयोजित तीन दिवसीय सांझी कार्यशाला एवं प्रतियोगिता के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र प्रदान करने के उपरांत संबोधित कर रहे थे।

## विभिन्न विधाएं सीखी

डीआईपीआरओ कृष्ण कुमार ने कहा कि इस तीन दिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य केवल सांझी कला का संरक्षण और संवर्धन करना ही नहींए बल्कि युवा पीढ़ी को अपनी लोक परंपराओं, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक मूल्यों से जोडना भी है। कार्यशाला के दौरान महिलाओं और प्रतिभागियों ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते सांझी कला की विभिन्न विधाओं को सीखा तथा आकर्षक कलाकृतियों का निर्माण किया। बताया कि सूचना, जनसंपर्कए भाषा एवं संस्कृति विभाग के आयुक्त एवं सचिव डा. अमित अग्रवाल तथा विभाग के महानिदेशक केण्एमण पांडुरंग के दिशा-निर्देशन में प्रदेश के सभी मंडलों में तीन दिवसीय सांझी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यशालाओं के माध्यम से लोक कलाओं को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से परिचित करवाने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है।इस अवसर पर प्रशिक्षक गौतम भी मौजूद रहे।

## उर्वरकों की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

**जींद।** उप कृषि निदेशक कार्यालय में वीरवार को उर्वरक आपूर्तिकर्ता एवं निर्माता कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. गिरीश नागपाल ने की। उपनिदेशक डा. गिरीश नागपाल ने बताया कि बैठक में सरकार के निर्देशों के अनुपालन में आगामी फसल सीजन के दौरान किसानों को उर्वरकों की निर्बाध एवं सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि यूरिया एवं फॉस्फेटिक उर्वरकों की कुल आपूर्ति का कम से कम 60 प्रतिशत भाग सहकारी क्षेत्र (कोऑपरेटिव सेक्टर) को उपलब्ध करवाया जाए तथा शेष 40 प्रतिशत आपूर्ति निजी विक्रेताओं के माध्यम से की जाए।


जींद। उर्वरक कंपनियों से बातचीत करते उपनिदेशक डा. गिरीश नागपाल।


नरवाना। गोपुत्र सेवा दल के सदस्य पानी का इंतजाम करते हुए।

## गोवंश के लिए पानी की व्यवस्था की

**नरवाना।** नरवाना के गोपुत्र सेवा दल द्वारा गोवंश के पीने के पानी के ड्रम शहर के विभिन्न हिस्सों जैसे कि किशन चंद कालोनी, भगतसिंह चौक, धरोदी रोड,एल आई सी रोड,बस स्टैंड, धर्म सिंह कालोनी व हरिनगर आदि स्थानों पर पानी के लगभग 16 ड्रम रखें गये है। गो पुत्र सेवा दल के जिला अध्यक्ष राम जाने रैबारी ने बताया कि इन ड्रमों को सुबह शाम यदि आवश्यकता हो तो दिन में भी पानी से भरा जाता है। जिससे कोई भी गोवंश प्यासा न रहे।यह जल सेवा हमेशा जारी रहेगी। गो पुत्र सेवा दल का यह प्रयास रहेगा कि कोई भी गोवंश शहर में प्यासा रहे। गो पुत्र सेवा दल के सदस्य नरवाना की सिरसा ब्रांच नहर से पानी इंतजाम कर शहर विभिन्न हिस्सों में पहुंचाने का काम करते हैं।

## स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**नरवाना।** राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि बेलरखा में आयोजित भारतीय भाषा समर कैंप के चौथे दिन की गतिविधियां भोजन और रसोई विषय पर केंद्रित रही। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और रुचि के साथ विभिन्न ज्ञानवर्धक एवं रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। विद्यालय प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने बताया कि कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय भाषाओं, संस्कृति और दैनिक जीवन से जुड़े व्यावहारिक ज्ञान से जोडना है। इसी क्रम में चौथे दिन विद्यार्थियों को विभिन्न फलों एवं सब्जियों के नाम सिखाए गए तथा उनके पोषण संबंधी महत्व की जानकारी दी। छात्रों ने खाद्य पदार्थों की पहचान कर स्वास्थ्य लाभों के बारे में भी जाना। इसके अतिरिक्त बच्चों को रसोई में उपयोग होने वाले विभिन्न मसालों की पहचान करवाई गई व उनके स्वाद, सुगंध तथा औषधीय गुणों के बारे में जानकारी दी।


नरवाना। माडल संस्कृति स्कूल के बच्चे अध्यापक गण के साथ।


जींद। सरकार का पुतला फूंकते किसान नेता।

## आंदोलन तेज करने का ऐलान

**जींद।** भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) ने गुरुवार को किसानों की मांगों और समस्याओं का समाधान न होने पर सरकार का पुतला फूंका। यूनियन ने कहा कि एमएसपी पर लिखित कानून न बनाने, किसानों की आय दोगुनी न करने और कृषि क्षेत्र की समस्याओं को नजरअंदाज करने के खिलाफ हरियाणा ही नही देशभर के किसानों में रोष है। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश सिंह और जिला अध्यक्ष अनीता चौधरी ने जारी पत्र में आरोप लगाया कि सरकार किसानों की मांगों को ठुकरा रही है। कहा किसान अब चुप नहीं रहेंगे। यदि सरकार ने हमारी मांगें नहीं मानीं तो आंदोलन तेज किया जाएगा। किसान नेत्री अनीता ने कहा कि किसान समस्याओं व मांगों के समाधान को लेकर यूनियन सभी किसान संगठनों, मजदूर यूनियनों और आम जनता से समर्थन की अपील की है।

# साधारण परिवार की बेटी शशि बनी असिस्टेंट प्रोफेसर

### विधायक निवास पहुंच कर भाजपा सरकार का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना


उचाना। असिस्टेंट प्रोफेसर लगी शशि शर्मा विधायक आवास पर परिवार के साथ आभार प्रकट करने पहुंची।

भाजपा नेत्री सुषमा देवेंद्र अत्री से मिलकर सिंगवाल गांव की बेटी शशि शर्मा पुत्री ओमप्रकाश शर्मा ने असिस्टेंट प्रोफेसर हिस्ट्री लगने पर आभार प्रकट किया। शशि शर्मा ने कहा कि आज गरीब परिवार के बेटे, बेटी पढ़ाई के दम पर बड़े पदों पर नौकरी लग रहे है।

सीएम नायब सिंह सैनी, विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री का परिवार सहित पहुंच कर सरकार की मेरिट के आधार पर दी जा रही नौकरियों पर आभार जताया। आम परिवार का युवा आज सरकारी नौकरी प्राप्त कर रहा है ये भाजपा सरकार की देन है। ओमदत्त डाहोला ने कहा कि प्रदेश के युवा वो समय नहीं भूले है जब युवाओं को पर्ची, खर्ची पर नौकरी मिलती थी। 2014 में प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद मेरिट के आधार पर रोजगार दिया जाने से युवा पढ़ाई के बूते पर नौकरी लग रहे है। सुषमा देवेंद्र अत्री ने कहा कि आज युवा पढ़ाई के बूते पर बड़े पदों पर नौकरी लग रहे है। भाजपा ने बिना पर्ची बिना खर्ची युवाओं को नौकरी दी है। 2014 में जो शुरूआत सीएम रहते हुए मनोहर लाल ने की थी उसको सीएम नायब सिंह सैनी आगे बढ़ रहे है। गुरप डी के 3007 पदों पर जारी हुए परिणाम में मेरिट के आधार पर युवाओं को नौकरी मिली। बिना पर्ची बिना खर्ची के मूलमंत्र को लेकर चल रही भाजपा सरकार प्रदेश के युवाओं के सपनों को साकार करने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि भर्ती प्रक्रियाओं को पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ पूरा किया जाए, ताकि हर योग्य युवा को उसका हक मिल सकें।


उपमंडल कांफ्रेस हॉल में आयोजित एसडीएम रमित यादव की अगुवाई में मीटिंग।

# घर-घर जाकर गणना कार्य 15 जून से 14 जुलाई तक

- मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दलों व बीएलए प्रतिनिधियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

उचाना विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 के संबंध में उपमंडल के कांफ्रेसहॉल में निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम रमित यादव की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं बीएलए प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम द्वारा उपस्थित सभी प्रतिनिधियों को पूरी प्रक्रिया के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। उन्होने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए आगामी 1 जुलाई को योग्यता तिथि निर्धारित की गई है। बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना कार्य 15 जून से 14 जुलाई तक किया जाएगा। मतदान केंद्रों के पुनर्गठन संबंधी प्रस्ताव 14 जुलाई तक भेजे जाएंगे। प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन 21 जुलाई को किया जाएगा, जिसके उपरांत 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां दर्ज की जा सकेंगी। इन दावों एवं आपत्तियों का निपटान 21 जुलाई से 18 सितंबर तक किया जाएगा तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 22 सितंबर को किया जाएगा। किसी भी जानकारी के लिए नागरिक टोल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क कर सकते हैं।

## सक्रिय सहयोग दें

निर्वाचक पंजीयन अधिकारी ने बताया कि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराया जाएगा तथा भरवाने में सहायता की जाएगी। प्रत्येक मतदाता को दो प्रतियां दी जाएंगी, जिनमें से एक प्रति भरकर बीएलओ को लौटानी होगी तथा दूसरी प्रति मतदाता अपने पास रखेगा। यह प्रक्रिया 15 जून से 14 जुलाई तक चलेगी। सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से अनुरोध किया है कि वे इस विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग दें ताकि मतदाता सूची अधिक सटीक और पारदर्शी बनाई जा सके। चुनाव कानूनगो दीपांशु जांगड़ा, सतीश बीजेपी प्रतिनिधि रमेश अत्री, नरेश सौंगरी, प्रमोद पालवां, जेजेपी प्रतिनिधि बलवान थुआ, आईएनसी प्रतिनिधि जुगमिंद्र कोच, इनेलो समरवीर सिंह, सुरेंद्र मोर मौजूद थे।

### मोतीलाल स्कूल में शिविर के चौथे दिन बच्चों का उत्साह चरम पर

# बच्चों ने स्विमिंग पूल में तैराकी का अभ्यास किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। गतिविधि में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में आयोजित ग्रीष्म शिविर के चौथे दिन विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रोचक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता, शारीरिक क्षमता, आत्मविश्वास तथा व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना है। चौथे दिन बच्चों ने योगए नृत्य, तैराकी, बैडमिंटन तथा आर्ट एंड क्राफ्ट जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे दिन का भरपूर आनंद उठाया। दिन की शुरुआत योग सत्र से हुई। योग प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास करवाया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास किया। प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है, मन एकाग्र होता है तथा तनाव से मुक्ति मिलती है। इसके पश्चात नृत्य गतिविधि का आयोजन किया। नृत्य प्रशिक्षकों ने बच्चों को विभिन्न नृत्य शैलियों के बारे में जानकारी दी तथा आकर्षक स्टेप्स सिखाए। बच्चों ने संगीत की धुन पर उत्साह के साथ नृत्य प्रस्तुत किया। ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते तैराकी सत्र भी आयोजित किया गया। प्रशिक्षकों की देखरेख में बच्चों ने स्विमिंग पूल में तैराकी का अभ्यास किया। उन्हें पानी में सुरक्षित रहने के नियमों, तैरने की तकनीकों तथा जल सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों ने तैराकी का भरपूर आनंद लिया और नई तकनीकों को सीखने में गहरी रुचि दिखाई। खेल गतिविधियों के अंतर्गत बैडमिंटन प्रशिक्षण भी दिया गया।

## आकृतियां बनाने की विधि सिखाई

विद्यार्थियों ने अभ्यास मैचों में भाग लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इस गतिविधि ने बच्चों में खेल भावना, अनुशासन तथा टीमवर्क की भावना को मजबूत किया। आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधि बच्चों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस सत्र में विद्यार्थियों को कागज की कटिंग एवं विभिन्न कलात्मक आकृतियां बनाने की विधि सिखाई गई। प्रशिक्षकों ने बच्चों को बताया कि किस प्रकार सावधानीपूर्वक और रचनात्मक तरीके से कटिंग की जाती है तथा साधारण कागज को सुंदर कलाकृतियों में बदला जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर की बैठक

**कैथल।** कैथल में किसान यूनियन के दफ्तर में भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला अध्यक्ष शमशेर कुंडू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य तौर पर प्रदेश संयोजक होशियार सिंह गिल, प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु कोहाड़, प्रदेश सलाहकार जसविंदर ढुल, प्रदेश उपाध्यक्ष भाना राम सेगा,परदेश उपाध्यक्ष शेरा बेनीवाल, संदीप जाटान, वकील कमालपुर, दीपक मलिक, सुखदेव सिंह, प्रेम हरसौला आदि रहे।

### उत्साह से मनाया जाए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**कलायत।** 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के सफल एवं भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी कड़ी में एसडीएम अजय हुड्डा की अध्यक्षता में गुरुवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

### गुरुद्वारा ननकाना साहिब में दिखा सेवा का नजारा

**पूंडरी।** पुंडरी के हाबड़ी रोड स्थित गुरुद्वारा ननकाना साहिब में आज सेवा, समर्पण और मानवता का अद्भुत संगम देखने को मिला। गुरुद्वारा परिसर में आयोजित सफाई अभियान एवं मीठे पानी की छबील सेवा में पुंडरी के विधायक सतपाल जाम्बा ने सहभागी बनकर गुरु घर की सेवा में अपना योगदान दिया। इस दौरान गुरुद्वारा परिसर में विशेष उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना रहा तथा बड़ी संख्या में संगत और सेवादारों ने सेवा कार्यों में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विधायक सतपाल जाम्बा ने सेवादारों एवं संगत के साथ मिलकर गुरुद्वारा परिसर में सफाई अभियान चलाया।

### 100 छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति की घोषणा

**कैथल।** एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर स्थापित करते हुए ,विश्वविद्यालय ने छात्राओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एचइआर स्कोलरशिप योजना भी लॉन्च की है, जिसके तहत 100 मेधावी छात्राओं को 100% ट्यूशन फीस पर छात्रवृत्ति दी जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर देवेंद्र सिंह ढुल ने आज एक पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि यह कैंपस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और आधुनिक तकनीकों से लैस है, जो छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेगा। विश्वविद्यालय का यह कदम हरियाणा को शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएगा।

### महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान जरूरी : डीसी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं भेदभाव रहित कार्यस्थल उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) अधिनियम, 2013 (पोस एक्ट, 2013) लागू किया गया है। इस अधिनियम के तहत प्रत्येक सरकारी एवं निजी संस्थान में महिलाओं की शिकायतों के निवारण के लिए आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य किया गया है।

### विश्व साइकिल दिवस पर निकाली रैली

**राजौंद।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार 'मेरा युवा भारत' कैथल के जिला युवा अधिकारी मोहित नेहरा के तत्वावधान में विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर राजीव गांधी स्टेडियम रोहेड़ा में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना रहा। इस दौरान गांव के बच्चों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे उत्साह के साथ साइकिल रैली निकाली। रैली में शामिल प्रतिभागियों ने फिटनेस और स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया।कार्यक्रम में कबड्डी कोच वीरेंद्र तथा एथलेटिक्स कोच जय प्रकाश विशेष रूप से उपस्थित रहे।

---

एक माह पहले सरपंच को जारी किया गया था कारण बताओ नोटिस

# सरपंच पर भ्रष्टाचार के आरोप, जांच के लिए कमालपुर पहुंची डीएमसी की टीम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶कलायत**

**गांव में निर्माण एवं विकास कार्यों के नाम पर फर्जी भुगतान का मामला**

हरियाणा के चर्चित सफाई घोटाले की भांति कलायत के गांव कमालपुर में निर्माण एवं विकास कार्यों के नाम पर बड़े स्कैम के आरोपों ने पंचायती राज विभाग की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शिकायकर्ता संदीप कुमार व ग्रामीण इस हाईप्रोफाइल मामले की सार्वजनिक रूप से जांच करते हुए ग्रामीणों के बीच जांच रिपोर्ट रखने की मांग कर रहे हैं। प्रदेश का शायद यह ऐसा पहला मामला है जिसमें ग्रामीणों ने इस प्रकार निर्माण एवं विकास कार्यों में पारदर्शिता की दृष्टि से पंचायत विभाग का रिकार्ड सबके सामने उजागर करने की मांग की है। जिला उपायुक्त द्वारा इस मामले पर लिए गए संज्ञान के अनुसार जिला नगर आयुक्त कपिल कुमार सहायक जिला नगर आयुक्त शिवानी पांचाल व अन्य अधिकारियों की टीम गांव कमालपुर पहुंची। इस दौरान सरपंच व पंचायत विभाग के अधिकारियों द्वारा फर्जी तौर से बड़े पैमाने पर भुगतान पर कार्रवाई की मांग की गई। मामले के मुख्य शिकायकर्ता संदीप कुमार ने इस संबंध में कई ठोस सबूत एवं साक्ष्य पेश करते हुए सरकार को शिकायत की थी। शिकायत पर डीसी ने संज्ञान लेते हुए जांच टीम गठित की। संदीप कुमार ने बताया कि अतिरिक्त उपायुक्त ने सरपंच रूमा को पत्र जारी करते हुए ग्राम पंचायत कमालपुर के विरूद्ध कार्रवाई करने बारे कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। सरपंच पर आरोप है कि उन्होंने नियमों के विरुद्ध जाकर ग्राम पंचायत कमालपुर में कार्य करवाए। इसके कारण ग्राम पंचायत के सरकारी कोष को भारी वित्तीय नुकसान पहुंचाया गया। पत्र में स्पष्ट लिखा है कि यह कृत्य एक गंभीर चूक है। जो नियमों की अवहेलना और अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन न करके पद के दुरुपयोग को दर्शाता है। यह नोटिस हरियाणा पंचायती राज एक्ट, 1994 की धारा 51(1) के तहत दिए गए प्रावधानों के अनुसार जारी किया गया है।



कलायत। गांव कमालपुर में निर्माण एवं विकास कार्यों की जांच करने पहुंची अधिकारियों की टीम फोटो: हरिभूमि

#### डीसी को भेजी जाएगी निष्कर्ष रिपोर्ट

*जिला नगर आयुक्त कपिल कुमार व सहायक जिला नगर आयुक्त शिवानी पांचाल ने बताया कि डीसी के आदेश पर टीम गांव कमालपुर पहुंची थी। शिकायत के आधार पर मामले की जांच जारी है। इसके तहत तमाम पहलुओं की जांच करते हुए निष्कर्ष रिपोर्ट डीसी को भेजी जानी है।*

#### सरपंच ने आरोपों को बताया निराधार

*महिला सरपंच रूमा देवी ने शिकायतों को निराधार करार दिया है। उनका कहना है कि पारदर्शिता से नियम अनुसार निर्माण एवं विकास कार्य पूरे करवाए गए हैं। उन्होंने शिकायत को द्वेष भावना से प्रेरित कार्यवाही बताया।*

#### यह है नियम

इस धारा के तहत सरपंच को पद से निलंबित या हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाती है। एक माह पहले जारी इस नोटिस का सरपंच को सात दिनों के अंदर उपायुक्त कार्यालय को जवाब प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए। यदि सरपंच निर्धारित सात दिनों में अपना स्पष्टीकरण नहीं देती हैं तो मामले के गुण-दोष के आधार पर उनके खिलाफ एकतरफा कार्रवाई अमल में लाने का उल्लेख किया गया। इसकी एक प्रति खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कलायत को भेजी गई है। ताकि वे व्यक्तिगत रूप से सरपंच को यह नोटिस रिसीव करवाएं और इसकी पावती रसीद वापस उपायुक्त कार्यालय भेजें।

---



कैथल। चेयरमैन सतीश शर्मा सहायता राशि के चेक वितरित करते हुए।

# किसानों और मजदूरों को सौंपे आर्थिक सहायता के चेक

- मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत दिया गया लाभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल**

हरियाणा सरकार किसानों एवं खेतीहर मजदूरों के हितों की सुरक्षा और उनके परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में वीरवार को मार्किट कमेटी कैथल की बैठक चेयरमैन सतीश शर्मा (सिरटा) की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को आर्थिक सहायता राशि के चेक वितरित किए गए। बैठक के दौरान अध्यक्ष मार्किट कमेटी कैथल द्वारा नीलम कुमारी निवासी चंदाना गेट तथा नरेश कुमार निवासी गांव चंदाना तथा चंद्रभान निवासी गांव दयौरा को हरियाणा सरकार की ओर से 1 लाख 87 हजार 500 रुपये की वित्तीय सहायता के चेक प्रदान किए गए। बैठक में 11 जून 2026 को आयोजित होने वाले प्रोटोकॉल योग शिविर को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। चेयरमैन सतीश शर्मा ने सभी सदस्यों से योग शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी सदस्य निर्धारित तिथि को प्रातः 6 बजे योग स्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दें। बैठक में शमशेर सिंधु, भाजपा पाडला मंडल अध्यक्ष सतबीर शर्मा, पवन कुमार, छोटे लाल, ओमप्रकाश सैनी, रामलाल, गुरदेव, रामकिशन सहित मार्किट कमेटी के सदस्य तथा पवन कुमार, एआर मार्किट कमेटी कैथल उपस्थित रहे।

#### यह है पात्रता

इस अवसर पर सतीश शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत कृषि कार्य करते समय दुर्घटना होने की स्थिति में प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों और मजदूरों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है तथा जरूरत पड़ने पर हरसंभव सहायता उपलब्ध करवा रही है।

---

# बेटी के जन्म पर मनाया उत्सव

- बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत जागरूकता कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶राजौंद**

उप केंद्र द्वितीय राजौंद के बहुउद्देशीय कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रम बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप के निर्देशानुसार बहुउद्देशीय महिला कर्मचारी दर्शना देवी, रजनी जागलान एवं विनोद कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत पंजाब नेशनल बैंक वाली गली, भट्ट मोहल्ला में सिया राम भट्ट के घर बेटी के जन्म पर "बेटी उत्सव" मनाया गया।





राजौंद। बेटी के जन्म पर "बेटी उत्सव" मनाते स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी व स्थानीय लोग। फोटो: हरिभूमि

#### बेटियों की शिक्षा के लिए किया प्रेरित

इस अवसर पर पलक ने कहा कि आज के समय में बेटी बोझ नहीं बल्कि परिवार का सहारा है। यदि बेटियों को शिक्षा दी जाए तो वे सुनीता विलियम्स और कल्पना चावला जैसी ऊंचाइयों को छू सकती हैं। खेलों में सानिया मिर्जा, विनेश फोगाट, गीता फोगाट तथा सेना में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की तरह देश का नाम रोशन कर सकती हैं। विनोद कुमार ने पीएनडीटी एक्ट की जानकारी देते हुए बताया कि कन्या भ्रूण हत्या करने पर तीन वर्ष की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। इस मौके पर आशा वर्कर सीमा, कविता, राज, शकुंतला, ऊषा, माया सहित अन्य मौजूद रहे।

---

# पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें : डीसी अपराजिता

- निर्बाध जलापूर्ति और ड्रेन व नालों की समयबद्ध सफाई करने के दिए निर्देश
- आमजन से पानी की बचत एवं जल संचय करने की अपील

**हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल**



कैथल। डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

डीसी अपराजिता ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में पेयजल आपूर्ति, जल निकासी व्यवस्था, ड्रेनेज सिस्टम, जल संरक्षण तथा विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम को देखते हुए आमजन को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी क्षेत्र में पानी की समस्या उत्पन्न न होने दी जाए। डीसी ने कहा कि जहां-जहां ट्यूबवेल खराब हुए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर जल्द बहाल किया जाए। पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा के लिए लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर सहायक आयुक्त अंडर ट्रेनिंग शिवानी पांचाल, सीएमजीजीए दिव्यता, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता अभिषेक शेर, एआईपीआरओ अमित कौशिक आदि अफसर रहे।

#### ठप्प हुए ट्यूबवेलों की बहाली की समीक्षा

बैठक में शहर में अचानक ठप्प हुए ट्यूबवेलों की बहाली की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि एम्पलाइज कॉलोनी, वीर कुंड, हरसौला बस्ती, चंदाना गेट, माडल टाउन सामुदायिक भवन तथा बालाजी कालोनी में अचानक ट्यूबवेल ठप्प हो गए हैं। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वीर कुंड, हरसौला बस्ती तथा सामुदायिक भवन में नए ट्यूबवेल स्थापित कर दिए गए हैं तथा उन्हें जल्द चालू कर दिया जाएगा।

---

## बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल राजौंद में 'मूल्य शिक्षा' पर कार्यशाला



**राजौंद।** असंध रोड स्थित बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षकों के लिए 'मूल्य शिक्षा' (मूल्य आधारित शिक्षा) विषय पर एक आंतरिक क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं सीबीएसई संसाधन व्यक्ति सचिन मिढा तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र का मुख्य उद्देश्य प्रमुख विषयों के माध्यम से विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों का समावेश और उनका संवर्धन करना रहा। अपने संबोधन में संसाधन व्यक्ति सचिन मिढा ने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसका उद्देश्य विद्यार्थियों को एक बेहतर इंसान बनाना भी है। उन्होंने शिक्षकों को समझाया कि वे अपने दैनिक शिक्षण में विषयों को मूल्यों से जोड़कर विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम की रूपरेखा के तहत शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

---

# एडीसी ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल**

लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में एडीसी सुशील कुमार ने आमजन की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में भूमि एवं इंतकाल संबंधी समस्या, पंचायत भूमि पर अतिक्रमण, जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटि सुधार तथा पेंशन से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर संबंधित विभागों को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समयावधि में उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए। शिविर में भगत सिंह कालोनी निवासी शिव कुमार ने पट्टी गाड़ड़ में वर्ष 2020 में खरीदी गई भूमि के इंतकाल में त्रुटि होने की शिकायत प्रस्तुत की। शिकायतकर्ता ने बताया कि रजिस्ट्री के अनुसार पूरी भूमि दर्ज नहीं हुई, जिसके कारण उसे भूमि के उपयोग में कठिनाई आ रही है। एडीसी ने मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार गांव मुंदड़ी निवासी शकुंतला देवी ने लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ मिलने के कारण उसकी विधवा पेंशन बंद होने संबंधित शिकायत दर्ज करवाई। प्रार्थिया ने मांग की है कि उसकी लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ बंद करके उसकी विधवा पेंशन को दोबारा सुचारू रूप से चालू किया जाए।



कैथल। एडीसी सुशील कुमार लोगों की समस्याएं सुनते हुए। फोटो: हरिभूमि

---

# महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विवि कैथल में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

- 23 जून तक प्रवेश के लिए कर सकेंगे आवेदन, 24 को पहली सूची जारी होगी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल**

महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया का औपचारिक शुभारंभ कर दिया है। विश्वविद्यालय के कुलगुरु आचार्य राजेन्द्रकुमार अनायत के नेतृत्व में विश्वविद्यालय में एडमिशन प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए एडमिशन कमेटी बनाई है, जो प्रवेश प्रक्रिया को नियमानुसार संचालित करेगी। विश्वविद्यालय के टीक परिसर में अभ्यर्थी 23 जून तक प्रातः 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं, यह सुविधा ऑनलाइन भी प्रदान की गई है। कुलगुरु आचार्य अनायत ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय हरियाणा राज्य का एकमात्र संस्कृत विश्वविद्यालय है, जिसकी स्थापना भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों, परंपराओं एवं शास्त्रों के संरक्षण और संवर्धन हेतु की गई थी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा पारंपरिक विषयों के साथ-साथ आधुनिक युगीन आवश्यकताओं के अनुरूप रोजगारोन्मुखी, प्रायोगिक एवं कौशल-आधारित पाठ्यक्रमों का भी समावेश किया जा रहा है।

---

### योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर में किया अभ्यास

**कैथल।** जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग कैथल के संयुक्त तत्वावधान में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविरों का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया के निर्देशन में आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य युवाओं में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें स्वस्थ एवं संतुलित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। शिविरों में डॉ. भीमराव अंबेडकर कॉलेज, इंदिरा गांधी कन्या महाविद्यालय, जाट कॉलेज के विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

---

**निरीक्षण** हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष ने किया कैथल का दौरा

# नागरिक अस्पताल, बाल उपवन आश्रम और आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं को देखा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल**

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्षा तृप्ति श्योराण ने वीरवार को नागरिक अस्पताल, बाल उपवन आश्रम तथा आंगनवाड़ी केंद्रों का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि नियमों के अंतर्गत बच्चों व महिलाओं को सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए, इसमें कहीं पर भी कोई भी लापरवाही न बरती जाए। अध्यक्षा तृप्ति सबसे पहले नागरिक अस्पताल में पहुंची, जहां उन्होंने पीएमओ कार्यालय में डॉक्टरों से नागरिक अस्पताल में उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने नवजात शिशु देखभाल ईकाई (निक्कु वार्ड), प्रसुति कक्ष, ओपीडी का अवलोकन किया और मौके पर मौजूद दाखिल महिलाओं से बातचीत की। महिलाओं ने सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं की सराहना की।



कैथल। हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्षा तृप्ति श्योराण नागरिक अस्पताल का दौरा करते हुए।

#### निरीक्षण के दौरान ये अधिकारी रहे मौजूद

बाल उपवन आश्रम का निरीक्षण किया और वहां पर बच्चों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। यह आश्रम विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरण के रूप में कार्यरत है। निरीक्षण के दौरान संस्थान में बच्चों की देखभाल, आवास, शिक्षा एवं अन्य व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं संतोषजनक पाई गई। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला, कार्यक्रम अधिकारी सपना, डीएसपी गुरविंद्र सिंह, सीडीपीओ शशि बाला, पीओआइसी कोमल, पीएमओ डॉ. दिनेश कंसल, डॉ. अनिल अग्रवाल, सलाहकार शशिकांत, समाजसेवी रवि भूषण गर्ग के अलावा अन्य अधिकारी रहे।

---

**सूचना**

मैं, राम सिंह पुत्र श्री फुल सिंह निवासी गांव जामनी, तहसील सफीदो व जिला जींद बयान करता हूं कि मैं आर्मी SEP से सेवानिवृत हूं। मेरा आर्मी नंबर-6465945W है। मेरे आर्मी के रिकार्ड में मेरी पुत्रियों के नाम कमला देवी व संतोष देवी दर्ज है। मेरी दोनों पुत्रियों के दस्तावेजों में उनका नाम कमला रानी व संतोष कुमारी हैं जो कि सही और दुरूस्त है। मेरे आर्मी के रिकार्ड में मेरी पुत्रियों के दस्तावेज के आधार पर उनका नाम कमला रानी व सन्तोष कुमारी करने का कष्ट करें।

**सूचना**

मैं, शमशेर पुत्र श्री गुनिया राम निवासी गांव बिघाना तहसील अलेवा जिला जींद बयान करता हूं कि मेरा नाम मेरे सभी दस्तावेज (स्कूल सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, वोटर कार्ड व अन्य सभी दस्तावेजों) में शमशेर है। मेरे Driving License में मेरा नाम शमशेर सिंह है। अब मैं अपने Driving License में अपना नाम शमशेर करवाना चाहता हूं।

खबर संक्षेप

## कैबिनेट मंत्री आज एसडी महिला महाविद्यालय में

**नरवाना।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी पांच जून शुक्रवार को एसडी. महिला कॉलेज नरवाना में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करेंगे। कैबिनेट मंत्री के निजी सहायक जसवीर नैन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह बैठक पुराना कोर्ट रोड स्थित एसडी महिला कॉलेज में सुबह आयोजित की जाएगी। पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से बताया कि बैठक में कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी पार्टी संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के विषय पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

## मंडी के पूर्व प्रधान ने किया जिलाधीश का स्वागत

**नरवाना।** नरवाना मंडी एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एवं भाजपा नेता राजेश शर्मा एडवोकेट ने जींद जिला की नवनियुक्त जिलाधिकारी वैशाली शर्मा से जिला मुख्यालय में जाकर की मुलाकात और पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया जिला जींद का कार्यभार संभालने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि नरवाना मंडी एसोसिएशन द्वारा उनको हर सम्भव सहयोग दिया जाएगा।

### क्लब फुट का उपचार पूरी तरह संभव, अभिभावकों को घबराने की जरूरत नहीं

# टेढ़े पैर नहीं बनेंगे बच्चों के भविष्य की बाधा नागरिक अस्पताल में मिलेगा मुफ्त इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अक्सर नवजात बच्चों में पैर तिरछे होने की शिकायत पर परिजनों में भय पैदा हो जाता है। वहीं अगर किसी लड़की के पैर टेढे हों तो अभिभावकों की चिंता और बढ़ जाती है। क्योंकि उसकी शादी की चिंता रहती है लेकिन अभिभावकों को घबराने की जरूरत नहीं है और टेढ़े पैर (क्लब फुट) का इलाज पूरी तरह से संभव है। इसके लिए नागरिक अस्पताल में क्लब फट क्लीनिक है। इसमें हर वीरवार को ओपीडी की जाती है। फिलहाल 140 बच्चों का उपचार नागरिक अस्पताल में निशुल्क चल रहा है। जिसका सारा खर्च स्वास्थ्य विभाग द्वारा उठाया जाता है। अनुष्का फाउंडेशन द्वारा विश्व क्लब फुट दिवस के तहत लोगों को जागरूक करने पर कार्य किया जा रहा है।

■ फिलहाल 140 बच्चों का इलाज नि:शुल्क चल रहा



जींद। नागरिक अस्पताल में क्लब फुट कार्यक्रम के तहत बच्चों को जरूरत का सामान उपलबध करवाते हुए चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### विभाग चार-पांच वर्षों तक मुफ्त ब्रेस करता है प्रदान

डिप्टी सीएमओ स्कूल हैल्थ डा. रमेश पांचाल ने बताया कि भारत सरकार अपने फ्लैगशिप कार्यक्रम राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से विसंगतियों के साथ पैदा होने वाले बच्चो को मुफ्त इलाज दे रही है। क्लबफुट एक ऐसा ही जन्म दोष है, जिसमें जन्म से बच्चे के पैर अंदर की ओर मुड़ जाते हैं। अनुष्का फाउंडेशन एक गैर सरकारी संगठन है जो क्लबफुट की समस्या के उपचार के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (स्कूल हैल्थ) स्वास्थ्य विभाग हरियाणा सरकार के साथ सांझेदारी में निशुल्क काम करता है और क्लबफुट रोगियों को चार-पांच वर्षों तक मुफ्त ब्रेस प्रदान करती है। जब तक कि उसके पंजे पूरी तरह ठीक नही हो जाते। अनुष्का फाउंडेशन हरियाणा राज्य के 16 जिलों में क्लबफुट पर कार्य कर रही है। हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. संतलाल बैनिवाल, डा. योगेश मलिक द्वारा बच्चों का प्रॉपर चेकअप करके प्लास्टर लगाया जाता है और क्लबफुट बीमारी से ग्रसित बच्चों के माता-पिता को पांच साल तक क्लबफुट इलाज पूरा करने बारे मोटिवेट किया जाता है। वीरवार को हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. योगेश मलिक द्वारा पैरों को चैक कर के प्लास्टर लगाकर चार बच्चों की टैनोटमी की गई और अनुष्का फाउंडेशन की तरफ से विनोद कुमार ने छह बच्चों को जुते व ब्रैस दिया गया।

### छह बच्चों को क्लब फुट जूते और ब्रेस बांटे

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग व अनुष्का फाउंडेशन फॉर एलिमिनेटिंग के द्वारा प्रत्येक वीरवार को नागरिक अस्पताल में क्लब फुट कैंप का आयोजन किया जाता है। स्कूल हैल्थ (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) के इंचार्ज एवं डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने बताया कि यह कार्यक्रम वर्ष 2020 से अनुषका फाउंडेशन फॉर एलिमिनेटिंग व हरियाणा सरकार द्वारा निशुल्क चलाया जा रहा है। इसमें अब तक आयुवर्ग 0 से 06 वर्ष तक के कुल 140 बच्चों का ऑपरेशन करके अनुषका फाउंडेशन द्वारा निशुल्क ब्रेस प्रदान किए गए हैं। इसी कड़ी में वीरवार को छह बच्चों को क्लब फुट जूते और ब्रेस वितरित किए गए हैं।

### जन्म के तीन से चार माह में ही इलाज कराना जरूरी

स्कूल हैल्थ डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने बताया कि जन्म के पहले तीन से चार महीने में बच्चे का इलाज कराएं तो पैर ठीक होने के 100 प्रतिशत चांस होते हैं। अगर जन्म के दो साल बाद बच्चों का इलाज कराएं तो उसमें 50 प्रतिशत ही चांस होता है कि बच्चों के पैर सीधे हो या न हो।

**1000 में 1 बच्चा ही होता है क्लब फुट से प्रभावित**

### नागरिक अस्पताल में मनाया क्लब फुट दिवस

डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने बताया कि राष्ट्रीय बालस्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत नागरिक अस्पताल में सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली के दिशा-निर्देशन में विश्व क्लब फुट दिवस मनाया गया। छह बच्चों को अनुष्का फाउंडेशन द्वारा ऑपरेशन के बाद ब्रैरस व जुते व अन्य सामान उपलब्ध करवाया गया। इसके अलावा उन्हें पानी की बोटल, रंग करने के लिए कलर व अन्य सामान दिया गया।

### इलाज होता है मुफ्त : डा. रमेश

नागरिक अस्पताल के डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने बताया कि यह एक ऐसा रोग है, जिसमें जन्म से ही बच्चे के पैरों में टेढ़ापन रहता है। एक सर्वेक्षण के अनुसार एक हजार बच्चों में एक बच्चा इस रोग से प्रभावित होता है। क्लब फुट से प्रभावित लगभग 50 प्रतिशत बच्चों में ऐसा टेढ़ापन दोनों पैरों में होता है। इसका इलाज दो तरीके से होता है। प्लास्टर व सर्जरी। यह निर्णय चिकित्सक बीमारी देखने के बाद लेते हैं।

## 8 जून को शिक्षा सदन पंचकूला का करेंगे घेराव

**राजौंद।** हरियाणा के कम्प्यूटर टीचर्स और लैब अटैंडैंटों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। इसी कड़ी में 8 जून को शिक्षा सदन, पंचकूला का घेराव करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में तीनों संगठनों के पदाधिकारियों ने जिले के सभी कम्प्यूटर टीचर्स और लैब अटैंडैंटों से अधिक से अधिक संख्या में पंचकूला पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया। कम्प्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी संघ के जिला प्रधान रामनिवास मलिक ने बताया कि प्रदेश के करीब 4 हजार कम्प्यूटर टीचर और लैब अटैंडैंट पिछले 14 वर्षों से रोजगार पक्का करने और सेवा सुरक्षा की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार लगातार उनकी अनदेखी कर रही है।

## स्वास्थ्य टीम ने चलाया रैपिड फीवर मास सर्वे

**जींद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के अंतर्गत खरकरामजी गांव में स्वास्थ्य कर्मियों की टीम द्वारा स्वास्थ्य सुपरवाइजर विजेंद्र सिंह की अगुवाई में रैपिड फीवर मास सर्वे अभियान चलाया गया। इसमें स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया व पम्पलेट बांटे। अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने गांव के विभिन्न हिस्सों का दौरा किया।

## राजबीर सिंह ने मंडी चौकी इंचार्ज का संभाला कार्यभार



**उचाना।** उचाना मंडी पुलिस चौकी इंचार्ज के तौर पर राजबीर सिंह ने कार्यभार संभाला। इससे पहले भी वो चौकी इंचार्ज रह चुके है। अलेवा थाना से उनका तबादला उचाना पुलिस चौकी में इंचार्ज के तौर पर हुआ। राजबीर सिंह ने आमजन से अपील की कि बाजारों, गांव में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो उसकी सूचना पुलिस को दे। नशा कोई बेचता नजर आए तो उसकी सूचना भी पुलिस को दे।

# कागजों में बना नाला, धरातल पर नहीं निशान

### शिकायतकर्ता ने महानिदेशक को भेजा रिमाइंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

चीका नगरपालिका में कथित भ्रष्टाचार का मामला एक बार फिर चर्चा में है। देवी लाल पार्क रोड पर बनाए जाने वाले नाले के निर्माण को लेकर शिकायतकर्ता संभालु जिंदल ने शहरी स्थानीय निकाय विभाग के महानिदेशक को रिमाइंडर भेजकर निष्पक्ष जांच और दोषी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि नगरपालिका के जेई खुशी राम और एमई राजेश कुमार ने ठेकेदार के साथ मिलीभगत कर बिना निर्माण कार्य किए ही सरकारी धन का भुगतान कर दिया। उनका कहना है कि जिस नाले के निर्माण पर लाखों रुपये खर्च दिखाए गए हैं, उसका धरातल पर कोई वास्तविक अस्तित्व दिखाई नहीं देता।

### तीन बार शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई



संभालु जिंदल ने बताया कि वह इस मामले की शिकायत पहले भी तीन बार कर चुके हैं। महानिदेशक कार्यालय द्वारा मामले की जांच के लिए डीएमसी कैथल को निर्देश दिए गए थे। इसके बाद डीएमसी ने नगरपालिका सचिव को जांच संबंधी पत्र भेजा, लेकिन जांच का जिम्मा उन्हीं अधिकारियों को सौंप दिया गया जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता ने सवाल उठाया कि जिन अधिकारियों पर अनियमितताओं के आरोप हैं, उनसे ही जांच करवाने पर निष्पक्षता की उम्मीद कैसे की जा सकती है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इससे स्पष्ट होता है कि मामले को दबाने और उच्च अधिकारियों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल

**पूंडरी।** गांव ट्योंठा में महिलाओं को स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से सामाजिक संस्था /"एक किरण उम्मीद की/" द्वारा 10 दिवसीय जूट बैग निर्माण प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण शिविर में गांव की महिलाओं और युवतियों को जूट से आकर्षक एवं उपयोगी बैग बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे भविष्य में स्वयं का रोजगार शुरू कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। संस्था की अध्यक्षा निधि मोहन ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं का आत्मनिर्भर होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उचित प्रशिक्षण और अवसर मिलने पर महिलाएं न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना सकती हैं।

# पेयजल के प्रबंधन का जिम्मा उठाने वाली प्रदेश में दूसरी ग्राम पंचायत बनीं बरसाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के प्रबंधन व रखरखाव की नई नीति में सहमति दर्ज करवाने वाली बरसाना ग्राम पंचायत प्रदेश की दूसरी ऐसी ग्राम पंचायत बनी है, जो इस कार्य में ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करेगी। इससे पूर्व खुंगा कोठी की ग्राम पंचायत ने ग्राम सभा में प्रस्ताव पास करके नई नीति को लागू करवाने के लिए सहमति प्रदान की थी। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने गुरूवार को बताया कि जिले में 300 ग्राम पंचायत हैं। जिसमें से 245 ग्राम पंचायत में पेयजल की व्यवस्था सिंगल विलेज स्कीम के तहत की गई है। जबकि 55 ग्राम पंचायतों में मल्टीपल पेयजल स्कीम के तहत पेयजल आपूर्ति की जाती है, जिसमें महाग्राम भी शामिल है।


जींद। सरपंच मोनिका को सांझा घोषणा पत्र सौंपते हुए रणधीर मताना।

खबर संक्षेप

## गांव दालमवाला की बहू ने स्वीडन में लहराया परचम

**जींद।** दालमवाला की बहू ने स्वीडन में प्रतिभा का परचम लहराया है। सरोज जो सीनियर सिटीजंस फोरम के संरक्षक और सूबेदार मेजर इंद्र सिंह मानद लेफ्टिनेंट की बहू ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। सरोज को आईटी कंपनी एचसीएल टेक स्वीडन में सीनियर मैनेजर के पद पर नियुक्त किया है। इसके अलावा स्थानीय स्वीडिश कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में भी शामिल हैं। यह उपलब्धि परिवार और पूरे गांव दोनों के लिए गौरव का विषय है। सरोज ने सफलता का श्रेय अपने बड़ों के आशीर्वाद को दिया हैं। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि हमारे गांवों की बहुएं किसी भी मायने में हमारे बेटों से कम नही हैं और बेटियों और बहुओं दोनों ही समान सम्मान की हकदार हैं।

## योग स्वस्थ जीवन की कुंजी : रामचरण



**कैथल।** सेक्टर 20 हुडा पार्क में चल रहे 15 दिवसीय शह- योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ प्रजापति धर्मशाला कुरुक्षेत्र के प्रधान पवन कुमार कानूनगो व महिला मंडल सेक्टर 20 कैथल से रेनू सिंगला ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। पवन कुमार कानूनगो ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग को हमें अपने जीवन में आवश्यक बनाना चाहिए यह जीरो बजट का सबसे अच्छा स्वस्थ रहने का साधन है। भारत स्वाभिमान प्रभारी रामचरण व युवा प्रभारी अनिल गुप्ता ने जोगिंग, सूर्य नमस्कार व प्राणायाम का पूरा प्रोटोकॉल करवाया। योग में तन मन को शुद्ध करने की अभूतपूर्व क्षमता है। शिविर में बदन सिंह आर्य तहसील प्रभारी, बीरभान कौशिक, विकास भटनागर, मास्टर हरदीप, यशपाल चौधरी, सुशील गुप्ता, मनोज सिंगला, नीरज, पंकज मित्तल, नरेश पंवार, सतपाल गुप्ता, प्रेमचंद जांगड़ा, प्रेम शर्मा, विनोद गर्ग, ओम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## डॉ. अर्चना की अगुवाई में संगठन होगा मजबूत



**उचाना।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के पद पर डॉ. अर्चना गुप्ता द्वारा कार्यभार संभालने पर मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, वाइस चेयरमैन प्रवीण गर्ग ने मुलाकात की। खरकभूरा ने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता पहले प्रदेश की महामंत्री रह चुकी है। संगठन को चलाने एवं भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का उन्हें अनुभव प्राप्त है। प्रदेशाध्यक्ष के तौर पर उनकी अगुवाई में संगठन को मजबूत मिलेगी। 43 साल के बाद महिला अध्यक्ष भाजपा को प्रदेश में मिली है।

हरिभूमि

आवश्यक सूचना

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## सीएम के नेतृत्व में प्रदेश नई ऊंचाइयों को छू रहा



**पूंडरी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा लगातार विकास और सुशासन की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, कानून व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण और आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का लाभ आम जनता को सीधे तौर पर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रदेश सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के लिए 100 करोड़ रुपये के हरियाणा ग्रीन क्लाइमेट रेजिलिएंट फंड का प्रस्ताव रखा है, वहीं कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए प्रदेशभर में नई आपातकालीन पुलिस प्रतिक्रिया वाहनों को सेवा में शामिल किया गया है। सरकार पारदर्शी एवं तकनीक आधारित प्रशासन को बढ़ावा देते हुए जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास जनता के सामने रखने के लिए कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है।

# भारत-अमेरिका प्रस्तावित ट्रेड डील रद्द करने को लेकर किसान संगठनों ने की नारेबाजी

### सभी फसलों पर एमएसपी खरीद गारंटी कानून लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भारतीय किसान यूनियन की जिलास्तरीय बैठक हनुमान वाटिका कैथल मे जिला अध्यक्ष गुरनाम फरल की अध्यक्षता मे हुई, जिसमें सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। बैठक के बाद युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट,प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर चहल नरड,के नेतृत्व में भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध मे नारेबाजी करते हुए किसान छोटूराम चौक पर पहुंचे, वहा अमरीकी प्रतिनिधिमंडल का पुतला जलाकर विरोध दर्ज करवाया ओर भारत-अमेरिका प्रस्तावित फ्री ट्रेड डील को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम नायब तहसीलदार कैथल हरेंद्र पाल को ज्ञापन सौंपा।


कैथल। नायब तहसीलदार हरेंद्र पाल को ज्ञापन सौपते किसान। फोटो: हरिभूमि

### यह डील भारत के किसानों का डेथ वारंट : गुरनाम

जिला अध्यक्ष गुरनाम फरल व प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर चहल नरड ने कहा कि केंद्र सरकार की किसान-विरोधी नीतियों तथा भारत–अमेरिका फ्री ट्रेड डील के संभावित दुष्प्रभावों के खिलाफ लगातार आवाज उठाई जा रही है। भारत–अमेरिका फ्री ट्रेड डील भारत के किसानों का डेथ वारंट है क्योंकि भारत में खेती परिवार पालने एवं अमेरिका में बिजनेस के लिए होती है। युवा जिलाध्यक्ष विक्रम दुसैण व जिला उपाध्यक्ष केवल सिंह सिद्धू ने कहा कि सभी फसलों पर एमएसपी खरीद गारंटी कानून लागू किया जाए, क्योंकि भारत के किसानों की एमएसपी पर फसल नहीं खरीद होती इस कारण से भारत के किसानों को हर साल एमएसपी न मिलने से 4 लाख करोड़ का घाटा हो रहा है इसलिए फसल खरीद की गारंटी कानून बनने से किसान की फसल को उनकी उपज का कानूनी और सुनिश्चित मूल्य मिल सकेगा। किसानों की संपूर्ण कर्ज माफी की जाए।


कैथल। किसानों को जागरूक करते कृषि वैज्ञानिक। फोटो: हरिभूमि

## खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत हरियाणा भर में आयोजित होंगे विशेष जागरूकता कार्यक्रम

**कैथल।** वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक एवं असंतुलित उपयोग में मृदा क्षरण, मृदा कार्बन में कमी, पोषक तत्वों के असंतुलन तथा जल प्रदूषण जैसी गंभीर चुनौतियाँ उत्पन्न हुई हैं। इस पृष्ठ भूमि में भारत सरकार के माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रारंभ किए गए "खेत बचाओ अभियान" के अंतर्गत हरियाणा राज्य के सभी कृषि विज्ञान केंद्र 1 जून से 30 जून 2026 तक किसानों के लिए व्यापक जन-जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेंगे। अभियान का उद्देश्य कृषि भूमि की उर्वरता को बनाए रखना, उत्पादन लागत को कम करना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना तथा किसानों को टिकाऊ एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बलदेव राज कांबोज ने बताया कि इस अभियान के दौरान हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,हिसार के अंतर्गत सभी कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा गांव स्तरीय बैठक, किसान गोष्ठि, प्रशिक्षण कार्यक्रम, खेत दिवस, प्रदर्शन, रैली, जागरूकता शिविर तथा प्रक्षेत्र प्रदर्शनों का आयोजन किया जाएगा। इसअभियान के तहत मृदा स्वास्थ्य कार्ड आधारित उर्वरक प्रबंधन एवं उनके महत्व पर किसानों के साथ चर्चा की जाएगी। वैकल्पिक खादों जैसे-हरी खाद, कम्पोस्ट एवं वर्मी कम्पोस्ट, जैव उर्वरकों के उपयोग पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

दाखिले | जून तक करें अप्लाई, अब तक 1248 से अधिक विद्यार्थियों ने किया आवेदन

# आईटीआई में दाखिले के लिए छात्रों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों सत्र 2026-2027 के लिए आईटीआई में प्रवेश की प्रक्रिया दो जून से शुय है। दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थियों को पहले ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाना होगा जिसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जून तय की गई है। आईटीआई जींद प्रधानाचार्य नरेश कुमार पांचाल ने बताया कि आवेदन करते समय छात्रों को अपनी शैक्षणिक योग्यता, आरक्षण, स्थायी निवासी और अन्य जरूरी प्रमाण पत्रों की स्कैन कॉपी अपलोड करनी होगी। उन्होंने कहा कि विभाग ने सभी आवश्यक जानकारी, संस्थानों की सूची और सीटों का विवरण अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध कर दिया है। आईटीआई में दाखिला लेने वाले विद्यार्थी तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करके आत्मनिर्भर बन सकते हैं और उद्योगों की जरूरत के अनुसार रोजगार पा सकते हैं। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद छात्रों को सरकारीए निजी और औद्योगिक क्षेत्रों में अच्छे अवसर मिलते हैं।


जींद। आईटीआई में दाखिला आवेदन करने आए बच्चे।

### ये ट्रेड हैं सबसे लोकप्रिय

राजकीय आई टी आई जींद में कुल 20 ट्रेडों में अबतक 1248 से अधिक आवदेन आ चुके है। जिसमें इलेक्ट्रीशियन 294, ड्राफ्टमैन सिविल 54, कोपा 123, आरएसी 108, वायरमैन 153, मैकेनिक डीजल 73, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक 57, प्लंबर 53, स्टेनो इंग्लिश 49र मैकेनिक मोटर वहीकल ड्यूल 40, मशीनिस्ट 32, टर्नर 25, मैकेनिक ट्रैक्टर 25, वेल्डर ड्यूल 22, टीपीईएस 22, ड्राफ्टमैन मैकेनिक 20, वुड वर्क टेक्नीशियन 12, ड्रेस मेकिंग 8, स्विंग टेक्नोलॉजी चार इलेक्ट्रीशियन ट्रेड छात्रों की सबसे पसंदीदा ट्रेड हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि आवेदकों की सुविधा को मध्य नजर रखते हुए राजकीय आईटीआई में हेल्प डेस्क लगा दिए गए हैं। जिसमें आवेदक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते है जो कि निशुल्क रहेगा।

## सीआरएसयू ने शुरू किया इंटीग्रेटेड बीएससी, एमएससी (केमिस्ट्री) कोर्स

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 से इंटीग्रेटेड बीएससी, एमएससी (केमिस्ट्री) पाठ्यक्रम शुरू करने के निर्णय का स्वागत किया है। एबीवीपी का मानना है कि यह नया कोर्स विद्यार्थियों को विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा तथा क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा अपने ही जिले में प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। एबीवीपी जींद विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष सतविंदर ढिल्लों ने कहा कि विश्वविद्यालय के नव नियुक्त कुलगुरु प्रोफेसर रामपाल सैनी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय में शैक्षणिक विकास और नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत की दिशा में सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। इंटीग्रेटेड बीएससी एमएससी (केमिस्ट्री) कार्यक्रम विज्ञान के क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। जिससे उन्हें स्नातक और स्नातकोत्तर शिक्षा एकीकृत रूप से प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार इस पाठ्यक्रम में 30 सीटें निर्धारित की गई हैं। प्रवेश के लिए 102 में रसायन विज्ञान विषय होना आवश्यक है तथा सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक और आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों के लिए नियमानुसार छूट का प्रावधान किया गया है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया चार जून से प्रारंभ होगी तथा आवेदन की अंतिम तिथि 16 जून निर्धारित की गई है।